(c) Study of ice types in Antarctica has already been undertaken on the Shelf and the polar ice components of the Antarctic ice sheet.

*375. [*Transferred to the 30th March, 1989*]

दिल्ली में झुग्गी झोंपड़ियों के निवासियों को चिकित्सा सुविधाएं

*376. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने दिल्ली में झुग्गी झोंपड़ियों के निवासियों को उनके घर के पास ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस योजना में कितने चलते फिरते चिकित्सा वाहन लगाए गए हैं और इसके अन्तर्गत कितने डाक्टर तथा अन्य चिकित्सा कर्मचारी तैनात किए गए हैं ;

(ग) क्या इन चलते-फिरते चिकित्सा वाहनों में सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है ;

(घ) क्या सरकार इस प्रकार की सुविधा प्रत्येक राज्य तथा केन्द्रशासित प्रदेश के झुग्गी झोंपडियों के निवासियों को उपलब्ध कराने का विचार रखती है ;

(ङ) यदि हां, तो कब तक ; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

वस्त्र मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) से (च) संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में चिकित्सा संबंधी सुविधाएं अस्पतालों, औषधालयों, पोलोत्क्लीनिकों, जच्चा और बच्चा स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के नेटवर्क के जरिए उपलब्ध की जा रही हैं ।

(घ) संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में 652 जो झोंपड़ी कॉलोनियां हैं । झुग्गी झोंपड़ी कॉलोनियों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं की उपलब्धत में सुधार करने के लिए दिल्ली प्रशासन ने बीस मोबाइल स्वास्थ्य क्लीनिक शरू किए हैं । यह मोबाइल स्वास्थ्य योजना 18-2-1989 को शरू की गई थी ।

प्रत्येक मोबाइल स्वास्थ्य क्लिनिक में एक डाक्टर, एक जन स्वास्थ्य नर्स, एक फार्मासिस्ट और दो परिचारक तैनात होते हैं । इस योजना के अन्तर्गत साठ स्वास्थ्य दल कार्य कर रहे । प्रत्येक दल झुग्गी झोपड़ी कॉलोनियों के निवासियों को चिकित्सा संबंधी सुविधाएं प्रदान करने के लिए सप्ताह में दो दिन कार्य करता है । शेष 4 दिनों के दौरान ये स्वास्थ्य दल स्कूल स्वास्थ्य क्लिनिकों में कार्य करते हैं ।

मोबाइल स्वास्थ्य क्लीनिकों के जरिए दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं में (1) औषधियों सहित प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या की व्यवस्था (2) आपात प्राथमिक सहायता परिचर्या और (3) स्वास्थ्य शिक्षा होती है । जिन रोगियों को विस्तृत जांच और विशेषज्ञ उपचार की आवश्यकता होती है, उन्हें पास के अस्पताल में भेज दिया जाता है ।

राज्यों में झुग्गी झोपड़ी कॉलोनियों के निवासियों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की हैं । यदि संबंधित संघ राज्य क्षेत्रों से वास्तविक आवश्यकताओं पर आधारित प्रस्ताव प्राप्त होंगे तो संघ राज्य क्षेत्रों में झुग्गी झोपड़ी कॉलोनियों के निवासियों को मोबाइल यूनिटों के जरिए चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के बारे में विचार किया जा सकता है ।

Advertisements regarding sex-tests/ Abortion

*377. SHRI BHUVNESH CHATURVEDI : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to various recent advertisements regarding sex deter-